डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow

Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-473/DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2024–25 दिनांकः 13 दिसम्बर, 2024

आंतरिक परीक्षा आयोजन हेतु आवश्यक सूचना

(मात्र दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु)

विश्वविद्यालय पत्रांक–COE-441, दिनाँक 14.11.2024 द्वारा आंतरिक परीक्षा के आयोजन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना निर्गत की गयी। उक्त निर्गत आवश्यक सूचना में आंशिक संशोधन करते हुए विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित दिव्यांग विद्यार्थियों के संबंध में सक्षम स्तर से प्रदत्त अनुमोदन के क्रम में सूचित किया जाता है कि **ऐसे दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित दिव्यांग विद्यार्थी जो दिनाँक 16.12.2024 से दिनाँक 30.12.2024 के मध्य मिड सेमेस्टर टेस्ट की परीक्षा में प्रतिभाग नहीं कर सकते हैं ऐसे विद्यार्थियों को विषम अधिसत्र की सत्रांत थ्योरी (लिखित) परीक्षा के दौरान परीक्षा के दिवस परीक्षा अवधि के अतिरिक्त आधा घण्टे का अतिरिक्त समय देते हुए गैर एन0ई0पी0 20 अंकों एवं एन0ई0पी0 हेतु 15 अंकों अथवा जिसपर जो प्रभावी हो, के अनुसार वस्तुनिष्ठ प्रश्नो के आधार पर मिड सेमेस्टर टेस्ट की परीक्षा विभागीय सम्बन्धित शिक्षक के माध्यम से करायी जायेगी।**

उपरोक्त के अतिरिक्त शेष विद्यार्थियों के संबंध में पत्रांक–COE-441, दिनाँक 14.11.2024 द्वारा निर्गत आवश्यक सूचना में विहित व्यवस्थानुसार मिड सेमेस्टर टेस्ट परीक्षा का आयोजन कराया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आंतरिक परीक्षा कराया जाना अपेक्षित है।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विषय शिक्षक एवं विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. प्राचार्य/कोर्स को–आडिनेटर, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।
8. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
9. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

13/12/24

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक